भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 2401
जिसका उत्तर दिनांक 03.01.2019 को दिया जाना है

## नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र शुरू किया जाना

2401. श्री के. सोमप्रसाद :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 2014-15 से 2017-18 के दौरान शुरू की गई नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र उत्पादन इकाइयों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए लंबित पड़ी नाभिकीय ऊर्जा परियोजनाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि हाँ, तो विलंब के क्या कारण हैं?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय ( डॉ. जितेन्द्र सिंह ):

(क) 2014-15 से 2015-16 की अवधि के दौरान, दो नाभिकीय विद्युत संयंत्र, कुडनकुलम यूनिट 1 तथा 2 (2 X 1000 मेगावाट) कमीशनित हुए और उनका वाणिज्यिक प्रचालन आरंभ हुआ।

(ख) वर्तमान में, सरकार के पास नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के प्रशासनिक अनुमोदन तथा वित्तीय मंजूरी के लिए कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****